WA का एकल प्रयोग वाले प्लास्टिक से सम्बन्धित प्रतिबंध

2022 के प्रतिबंध

1 जुलाई
- डिस्पोज़ेबल प्लास्टिक स्ट्रा और कटलरी (चम्मच आदि)
- डिस्पोज़ेबल प्लास्टिक प्लेटें और बिना ढक्कन की कटौरियाँ
- विस्तारित पॉलीस्टाइरीन फूड कंटेनर/ट्रे
- प्लास्टिक के सभी शॉपिंग बैग (चाहे इनकी मोटाई कुछ भी हो)

1 अक्तूबर
- कोल्ड ड्रिंक्स के लिए डिस्पोज़ेबल प्लास्टिक कप

2023 के प्रतिबंध

1 सितम्बर
- प्लास्टिक माइक्रोबीड्स
- प्लासटिक के डंडे वाले कॉटन बड्स
- डिग्रेडेबल (नष्ट होने योग्य) प्लास्टिक
- लूज़-फिल विस्तारित प्लास्टिक पैकेजिंग

2024 के प्रतिबंध

1 मार्च
- हॉट ड्रिंक्स के लिए प्लास्टिक कप
- प्लास्टिक कप के ढक्कन/सील
- बिना ढक्कन की प्लास्टिक फूड ट्रे

1 सितम्बर
- गैर कम्पोस्ट-योग्य प्लास्टिक उत्पाद बैग (ताजे फलों और सब्जियों के लिए)
- डिस्पोज़ेबल प्लास्टिक कंटेनर और ढक्कन (ईट-इन और टैकअवे फूड के लिए)

2025 के प्रतिबंध

1 जुलाई
- नर्म विस्तारित प्लास्टिक पैकेजिंग (45 किलो से कम की टूट-फूट न सकने वाली वस्तुओं के लिए)

कुछ वस्तुओं के लिए प्लास्टिक की लाइनिंग वाले कागज और कम्पोस्ट-योग्य प्लास्टिक प्रतिबंधित हैं। विशिष्ट आवश्यकताएँ और छूट लागू है। व्यापारों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे अपडेट्स के लिए नियमित तौर पर वेबसाइट की जांच करें।

WA PLASTICS BAN
व्यापारिक सहभागिता कार्यक्रम

प्रतिबंधों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए, **plasticsbanwa.com.au** देखें

व्यापारों के लिए सहायता

वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की सरकार 2023 से 2025 तक एकल-प्रयोग वाले प्लास्टिक पर आगे और प्रतिबंध लागू कर रही है।

नेशनल रिटेल एसोसिएशन (NRA) के माध्यम से, रिटेलरों और सप्लायरों (आपूर्तिकारों) को प्रतिबंध को, अपने दायित्वों को और अनुपालन कैसे करें, यह समझने के लिए शिक्षा-प्रथम विधि अपना रही है।

NRA टीम प्रतिबंध से सम्बन्धित सूचना या सलाह लेने का प्रयास करने वाले व्यापारों के लिए विभिन्न प्रकार की नि:शुल्क सेवाएँ प्रदान कर रही है। इसमें एक समर्पित वेबसाइट, व्यापारों के लिए टोलफ्री हॉटलाइन, ऑनलाइन सूचना सत्र, तथ्य-पत्रक, पहचान-सूचना और पूरे वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया में 4000 रिटेल स्टोरों पर जाना शामिल है।

सरकारी, सामुदायिक और औद्योगिक संगठनों को अपने संपर्क समूह में व्यापारों को प्रतिबंध (और उपलब्ध नि:शुल्क सहायता सेवाओं) के बारे में सूचना वितरित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

व्यापारिक सलाह के लिए
PlasticsBanWA
वेबसाइट देखें

सामुदायिक संसाधन

लाभ-निरपेक्ष संगठन, सामुदायिक समूह और सरकारी संस्थान भी प्रतिबंध से प्रभावित हो सकते हैं। गैर-व्यापारिक संगठनों को सामुदायिक सूचना और संसाधनों के लिए वेबसाइट देखनी चाहिए या जल एवं पर्यावरणीय विनियमन विभाग (Department of Water and Environmental Regulation, DWER) से संपर्क करना चाहिए।

व्यापार की वेबसाइट

और अधिक जानकारी तथा प्रतिबंध के बारे में पूछे जाने वाले आम सवालों के जवाबों के लिए वेबसाइट देखें।

plasticsbanwa.com.au >

तथ्य-पत्रक और पहचान-सूचक

तथ्य-पत्रक, पोस्टर और अनुवाद किए गए संसाधन डाउनलोड करने के लिए वेबसाइट देखें ताकि प्रतिबंध के लिए आपकी टीम और उपभोक्ताओं को तैयारी करने में सहायता की जा सके।

वेबसाइट के माध्यम से संसाधन डाउनलोड करें

सूचना सत्र

प्रतिबंध को समझने के लिए नि:शुल्क सूचना सत्र में भाग लें। सत्रों का आयोजन मासिक तौर पर किया जाता है और प्रत्येक प्रतिबंध के शुरू होने से पहले तक अतिरिक्त साप्ताहिक सत्रों का आयोजन किया जाता है। वेबसाइट या इस लिंक के माध्यम से रजिस्टर करें:

https://bit.ly/wa-plastics-ban >

औद्योगिक संघों, पीक बॉडीज़ और विशाल टीमों या नेटवर्कों वाली संस्थाओं के लिए निवेदन किए जाने पर अतिरिक्त सत्र भी उपलब्ध हैं।

अतिरिक्त सलाह

टोलफ्री बिजनस हॉटलाइन: 1800 817 723

ई-मेल: sustainability@nationalretail.org.au